भामाशाह ने विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया

ब्यावर, (निसं) सनातन धर्म राज.उच्च माध्यमिक विद्यालय की द्वितीय इकाई सूरजमल भाटी उच्च प्राथमिक विद्यालय को स्वर्गीय बाबूलाल सांखला एवं उनकी धर्मपत्नी सुशीला सांखला की स्मृति में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी सुपुत्री संगीता सांखला ने एक वाटर कूलर मय फिल्टर भेट किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर स्वर्गीय स्वर्गीय बाबूलाल सांखला के दामाद बलवीर सिंह गहलोत और राजस्व अधिवक्ता रिवेन्यू बोर्ड अजमेर के धर्मेंद्र टॉक और अन्य पुत्रियां राजुल व प्रतिभा सैनी उपस्थित रहे। अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए वाटर कूलर की पूर्ण उपयोगिता की जानकारी दी। इसके साथ ही बलवीर सिंह ने इस कार्य को पुण्य और परमार्थ का कार्य बताए हुए इस भयंकर गर्मी में बच्चों के लिए यह कूलर राहत लेकर आया है। ऐसी सद्भावना प्रकट की।

ब्यावर में सूरजमल भाटी उच्च प्राथमिक विद्यालय को स्वर्गीय बाबूलाल सांखला एवं सुशीला सांखला की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री संगीता सांखला ने एक वाटर कूलर मय फिल्टर भेंट किया।

इस मौके पर विद्यालय विकास और प्रबंधन समिति के सदस्य के साथ-साथ प्रेमरा भाटी अध्यक्ष रेसला संघ रुचि दाधीच दीपक गिरी आदि मौजूद रहे। विद्यालय के ऊर्जावान और कर्मठ प्रधानाचार्य दिनेश डीरा ने सभी अतिथियों का सत्कार किया।

उन्होंने भामाशाहों को अवगत कराया कि किस प्रकार पिछले 5 साल में सनातन धर्म विद्यालय में भामाशाह के माध्यम से करीब 50 लाख रुपए के काम करवाए गए हैं। सनातन धर्म विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों की पर्तिस्पर्धा में है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रेमराज भाटी व्याख्याता ने बताया की समस्त विद्यालय स्टाफ एवं प्रधानाचार्य ने मिलकर विद्यालय का काया कल्प किया है, इसके लिए सभी भामाशाहों का पुन धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

साक्षात्कार पत्र अपलोड

अजमेर, (कासं)। राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2023 के अंतर्गत साक्षात्कार के द्वितीय चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किये गये है। आयोग की उपसचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि द्वितीय चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 5 मई से 16 मई 2025 तक किया जाएगा।

गणपत लाल उदय को देश रत्न अवार्ड मिला

अरांई, (निसं)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत अरांई निवासी गणपत लाल उदय को सामाजिक व साहित्यिक योगदान के लिए देशरत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मंगलवार देर शाम नई दिल्ली के कमानी ऑडोटोरियम मंडी हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में उदय को अवार्ड प्रदान किया गया।

व्याख्याता दीनदयाल उदय ने बताया कि उनके छोटे भाई गणपत लाल सीआरपीएफ में हेडकांस्टेबल के पद पर नई दिल्ली में कार्यरत है। गणपत लाल का बचपन से ही साहित्य एवं लेखन में विशेष रुचि रही है। उन्होंने बताया कि गणपत लाल उदय की पुस्तक सैनिक की कलम से, सेवा भक्ति के प्रतीक तथा देशभक्त है हम अमेजन व फ्लिपकार्ट पर बेस्ट सेलर रह चुकी है। गणपतलाल लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और वर्ल्ड बेस्ट रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज करवा चुके है। अवार्ड मिलने के बाद से ही गणपत लाल के अरांई स्थित निवास पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। सेवानिवृत्त तहसीलदार हनुमान प्रसाद, प्रधानाचार्य गोविंद प्रकाश उदय, व्याख्याता दीनदयाल उदय, नीरज पाराशर, कैलाश जाबडोलिया, शिवराज उदय, रामनिवास किराडिया, प्रमोद खेतावत, मुकेश कलवार, ज्ञानचन्द बम्बेरवाल, घीसालाल खोरवाल, कृष्णकांत, गोपाल मौर्य सहित ग्रामीणों ने उदय के निवास पर बधाई दी।

किशनगढ़ प्रीमियर लीग का आयोजन किया

मदनगंज-किशनगढ़, निस)। जितो लेडीज विंग की और से किशनगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता तीन दिवसीय मयूरा सिटी में होगी। इसके लिये बाकायदा टीम नीलामी की प्रक्रिया अपनाई गई। किशनगढ़ रॉयल्स टीम का नेतृत्व संयोजक नितिका महणोत की टीम को दीपक रारा आर्थिक सहयोग करेंगे। सनराइजर्स टीम रीना गंगवाल ने तैयार की, जिसे श्रोहित जैन ने खरीदा। स्ट्राइकर्स सुहानी पहाड़िया की टीम को विनोद मेहता ने खरीदा। नाइट राइडर्स टीम को साक्षी लुहाड़िया ने तैयार की, टीम को पीयूष लुहाड़िया ने खरीदा। ब्लास्टर्स टीम का गठन करुणा जैन ने किया, जिसे बाबू महणोत ने खरीदा। स्काईग्लाइडर्स टीम को नुपुर कोठारी ने तैयार किया, इसे सौरभ कोठारी ने खरीदा। स्पोर्ट्स कन्वीनर काशवी पहाड़िया, चेयरपर्सन समकित पहाड़िया, महासचिव धर्मेंद्र सांड, कोषाध्यक्ष अविनाश पाटनी, राजीव गंगवाल, अजय गंगवाल, लेडीज विंग चेयरपर्सन नितिका महणोत, महासचिव रीना गंगवाल, कोषाध्यक्ष रश्मि छाबड़ा, शम्मी कोठारी, डॉ किरण माला जैन, उषा महणोत, माला भंडारी, निशा रारा, ऋषिका गंगवाल, बबीता संचेती, अनिशा पाटनी, रेखा काला, विभा गंगवाल मौजूद रही।

ग्राम पंचायत पर जनसुनवाई आज

अजमेर, (कासं)। जन अभियोग निराकरण के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई मई माह के प्रथम गुरूवार एक मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी।

लोक सेवाओं की सहायक निदेशक विनीता स्वामी ने बताया कि सरकार द्वारा जन अभियोग निराकरण के सम्बन्ध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई कर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मई माह के प्रथम गुरूवार एक मई को वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

इसमें उपखण्ड क्षेत्र नसीराबाद की बिठूर, पुष्कर की खोरी एवं अरांई की देवपुरी ग्राम पंचायत का मुख्य सचिव स्तर से वीसी के द्वारा पर्यवेक्षण किया जाएगा।

ऋण चुकाने के लिए एकमुश्त योजना

जालोर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के हित में एक मुश्त समाधान योजना 2025 लागू की गई है जिससे अल्पसंख्यक वर्ग को बकाया ऋण के ब्याज में राहत मिलेगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए ऋण के लिए यह योजना लागू की गई है। अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए व्यावसायिक ,शिक्षा एवं माइक्रो ऋण की बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज में छूट प्रदान की जाएगी।

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर भीलवाड़ा
Tel No. 01462-258665, 257509 • Email : npbeawar@gmail.com

क्रमांक: राजस्व अन्य/25-26/989 दिनांक : 25.04.25

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं समस्त हिताधारियों को सूचित किया जाता है कि इण्डस टावर्स लिमिटेड जयपुर द्वारा निम्नलिखित स्थान पर मोबाइल टॉवर स्थापित करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

क्र. सं.	साईट आई.डी.	प्रकार	स्थान
1.	NPDBEA/ 2024-25/ TIF1/ NEW/232	GBM on Govt. Land	Row In Front Of Bsnl Office, Shastri Circle, Udaipur Road, Ward No.40, Beawar
2.	NPDBEA/ 2025-26/ TIF1/ NEW/432	GBM on Govt. Land	On Row, Oppo. Water Tank Ward No.23, Mahaveer Colony, Beawar

अतः जिस किसी व्यक्ति/फर्म/हितधारी को इस विषय में कोई आपत्ति हो तो इस आपत्ति के विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को लिखित रूप में मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा पत्रावली पर अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जावेगी।

आयुक्त - नगर परिषद, ब्यावर

नीट यूजी परीक्षा 2025 के लिए प्रशिक्षण आयोजित

अजमेर, (कासं)। नीट यूजी परीक्षा 2025 के आयोजन से सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण बुधवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ के अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आगामी 4 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा 2025 के सफल निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए जिला कलैक्टर लोक बन्धु के निर्देशानुसार बुधवार को आयोजित बैठक में निर्धारित परीक्षा केंद्रों के केन्द्राधीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर प्राप्त होने वाली परीक्षा सामग्री की ढंग से जांच करने, परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता बनाये रखने के लिए निर्देश दिए गए। परीक्षा संचालन संबंधी राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें परीक्षा संचालन में आने वाली समस्याओं का तार्किक समाधान करने के लिए अनुदेश दिए गए।

उन्होंने बताया कि बैठक में निर्धारित स्थल से परीक्षा दिवस पर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करने तथा उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने तथा परीक्षा समाप्ति उपरान्त विभिन्न परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री संग्रहण केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। वीडियोग्राफर से नियमानुसार वीडियोग्राफी करवाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार जोशी द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा में आने वाली विशेष समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि एनटीए द्वारा इस परीक्षा के आयोजन के लिए केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के प्राचार्य आरके मीणा को अजमेर शहर के लिए तथा केन्द्रीय विद्यालय बान्दरसिन्दरी के प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी को किशनगढ़ के लिए सिटी कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इनके द्वारा परीक्षा सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पादित की जाएगी। इनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय बायोमेट्रिक तरीके से जांच होगी। केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम के लिए अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसके दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है। बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए परिवहन की विशेष सुविधा की गई है। परीक्षार्थी अपने साथ पारदर्शी रंगहीन पानी की बोतल ला सकते है।

उन्होंने बताया कि नीट यूजी परीक्षा 2025 का आयोजन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। इसके लिए 29 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इनमें से 21 अजमेर तथा 8 किशनगढ़ में है। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 9218 है। अजमेर में 6192 तथा किशनगढ़ में 3026 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अजमेर में 4 तथा किशनगढ़ में एक ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।

पाठयक्रम जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को 2 परीक्षाओं का पाठयक्रम जारी किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सहायक विद्युत निरीक्षक (ऊर्जा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2025 तथा कनिष्ठ रसायनज्ञ (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2025 का पाठ्यक्रम जारी कर दिया गया है।

सम्मेलन में रीति-रिवाजों से सम्पन्न हुए वैवाहिक संस्कार

वैष्णव युवा सेवा समिति नसीराबाद के तत्वावधान में दिलवाडी में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ।

नसीराबाद, (निसं)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री वैष्णव युवा सेवा समिति नसीराबाद के तत्वावधान में दिलवाडी में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 22 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। आयोजन हनुमान मंदिर परिसर में किया गया।

सुबह देवजी मंदिर से बग्गी और घोड़ों पर सजी भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें संतों के सानिध्य में दूल्हा-दुल्हनों ने नगर भ्रमण किया।

शोभायात्रा में बैंड-बाजों की धुन पर समाज की महिलाएं और युवा उत्साह से झूमते नजर आए।

बाद में वरमाला और तोरण की रस्म सम्पन्न की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पाणिठाहण संस्कार सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक घरेलू सामान भेंट स्वरूप दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं भामाशाहों का सम्मान माला, दुपट्टा और शील्ड प्रदान कर किया गया।

पारीक जिला संयोजक बने

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व वक्फ सुधार जन जागरण अभियान संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के निर्देशानुसार भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने नियुक्ति पत्र जारी कर युवा समाजसेवी अभिषेक पारीक को जागरण अभियान का अजमेर जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पारीक को शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी का गठन करने के साथ वक्फ कानून के प्रति लोगो को जागरूक कर जागृत वक्फ में सुधार के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये गए हैं।

श्रमिक दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

अजमेर, (कासं)। संयुक्त श्रम आयुक्त विश्ववेश्वर चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के श्रमिकों द्वारा गुरूवार एक मई को सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ श्रमिक दिवस मनाया जाएगा। इस उद्देश्य से समस्त औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबन्धकों से अपील कर यह अपेक्षा की जाती है कि वे गुरूवार एक मई को सवैतनिक अवकाश घोषित करेंगे।

आम सूचना

मेरी माता स्व. फुसी पत्नि स्व. बिसराम जाति जाट की मृत्यु दिनांक 01.01.2013 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम कटसुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कटसुरा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता स्व. फुसी जाट का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी-जीतराम पुत्र स्व. बिसराम जाट, ग्राम कटसुरा तहसील अरांई (अजमेर)

आम सूचना

सर्वसाधारण हर खास और आम को मेरे असील भंवरलाल चौधरी पुत्र स्व. निश्री दतक माता श्रीमति सुआ जाति जाट निवासी ग्राम सराधना तहसील व जिला अजमेर की ओर से सूचित करता हूँ कि राजस्व ग्राम सराधना के खसरा नम्बर-2904,2903, 2908, 2907 पर बने भूखण्डों में से भूखण्ड संख्या-15 जिसका क्षेत्रफल 101.67 वर्ग गज है, को मेरे असील ने श्री इमरान खान पुत्र श्री करीमा जी निवासी सरकारी स्कूल के पास सोमलपुर अजमेर (मो. नम्बर-9588849983) को विक्रय करते हुये उसके हक में इकरारनामा, वसीयत, व मुख्त्यारनामा आम निष्पादित करते हुये जमाबंदी भी दी गई थी, जो कि इमरान खान पुत्र करीमा से दिनांक 09-04-2025 को सराधना से सोमलपुर की ओर जाते समय कही पर गिर गये बताये होकर उनके द्वारा उसकी रिपोर्ट भी दिनांक 10-04-2025 को की जा चुकी है. अतः मेरे असील द्वारा उनके चाहे अनुसार उनके हवने उक्त भूखण्ड बावत पुनः दस्तावेज निष्पादित किये जाने में किसी को किसी प्रकार से आपत्ति, उज्ज हो तो 07 दिवस मे मेरे असील के समक्ष उजात पेश करे। अन्यथा उसके बाद मेरे असील द्वारा उक्त भूखण्ड के संबंध में उक्त इमरान खान के हक मे पुनः दस्तावेज निष्पादित कर दिये जाएंगे। सो सूचित रहे।

-सुमेर चन्द सुनारीवाल, एडवोकेट

सार-समाचार

जल मंदिर पर वाटर कूलर व टंकियां

नसीराबाद, (निसं)। रोटरी क्लब नसीराबाद, पटेल उद्यान महिला मंडल एवं शहर के भामाशाहों के सहयोग से बस स्टैंड स्थित जल मंदिर में वाटर कूलर तथा तीन उच्च गुणवत्ता वाली 2000-2000 लीटर की पानी की टंकियां स्थापित की गईं। कुल 6000 लीटर जल भंडारण की यह व्यवस्था यात्रियों को गर्मी में राहत देने हेतु की गई है। रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि जल मंदिर पर यात्रियों के लिए पीने के पानी की यह एकमात्र स्थायी व्यवस्था है। प्रत्येक टंकी चार परत वाली (फोर लेयर) है, जिससे पानी लंबे समय तक शीतल व सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा विधिवत पूजा कर वाटर कूलर व टंकियों को जल मंदिर कार्यकारिणी को सौंपा गया। कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत रोटेरियन द्वारका प्रसाद ऐरन और प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय मेहरा के प्रयासों से यह सेवा कार्य सम्पन्न हुआ। जल मंदिर समिति अध्यक्ष भागचंद राजानी, ओमप्रकाश शर्मा व अन्य सदस्यों की वर्षों से चली आ रही निस्वार्थ सेवा की भी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब सचिव हिमांशु गर्ग, प्रदीप सिंघल, मोहित गोयल, जयकिशन भगनानी, विजय अजमेरा, भागचंद झांवर, पूजा भाभी, पूर्व पालिका अध्यक्ष अनीता मित्तल, समाजसेवी प्रदीप अठावाल, जगदीश ऐरन, सत्यनारायण सिंघल, सुमित अठावाल (मोतीलाल स्वीट्स) सहित पटेल उद्यान महिला मंडल की सदस्याएं एवं शहर के लोग उपस्थित रहे।

11 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड- द्वितीय भर्ती, 2024 के अन्तर्गत प्रदत्त अवसर के दौरान ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले 11 अभ्यर्थियों को इस संबंध में अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। विस्तृत सूचना एवं संबंधित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की उपसचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि उक्त भर्ती अंतर्गत 8 अप्रेल 2025 को घोषित विचारित सूची में सफल अभ्यर्थियों से ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र 17 अप्रेल से 23 अप्रेल 2025 तक भरवाए गए थे। इस दौरान ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले 11 अभ्यर्थियों को प्रेस नोट 09 अप्रेल 2025 के क्रम में ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम अवसर दिनांक 1 मई से 2 मई 2025 (रात्रि 11.59 बजे) तक प्रदान किया जा रहा है। अतः संबंधित अभ्यर्थी उक्तानुसार ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र समयांतर्गत भरना सुनिश्चित करें ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। उक्त संबंध में शेष शर्तें प्रेस नोट दिनांक 9 अप्रेल 2025 के अनुसार यथावत रहेगी।

जाति जनगणना की घोषणा का स्वागत

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल महेश चौहान डॉ संजय पुरोहित पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन शहर अध्यक्ष सतीश वर्मा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के शहर अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने की घोषणा का स्वागत किया है । अजमेर महिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेश्वरी टॉक, अब्दुल रशीद, राजेंद्र वर्मा, आजाद, लखन, अहमद हुसैन, अकरम कुरैशी, चंद्र प्रकाश शर्मा, शक्ति सिंह रलावता, मुकेश सिंह राठौड़, भरत राणा, शंकर गुर्जर आदि ने भी केंद्र सरकार द्वारा जाति का जनगणना करने का की घोषणा का स्वागत किया है।

बद्रीनारायण के कपाट खुले, तीन बार विशेष आरती हुई

पुष्कर, (निसं)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर उत्तराखंड में स्थित बद्री विशाल तीर्थ में बद्री नारायण भगवान के मंदिर के कपाट खोले गए। खास बात यह है कि बीते छह महीनों बाद भगवान के कपाट खोले जाएंगे । यही वजह है कि आज से अगले छह महीनों तक आम श्रद्धालु भक्त भगवान के दर्शन कर सकेंगे । बद्री विशाल तीर्थ की तर्ज पर ही पुष्कर में स्थित बद्री नारायण भगवान के दोनों मंदिरों में भी विधि विधान से कपाट खुले।

बड़ी बस्ती स्थित बद्रीनारायण मंदिर के पुजारी राजू पाराशर ने बताया कि यह मंदिर 700 साल पुराना है जिस प्रकार से बद्री विशाल की पूजा अर्चना की जाती है, उसी तर्ज पर सारे कार्यक्रम यहां आयोजित किए जाते हैं।

छोटी बस्ती इमली मोहल्ले में स्थित मंदिर के पुजारी शिव स्वरूप महर्षि , विजय स्वरूप महर्षि ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 400 साल प्राचीन इस मंदिर के गर्भगृह में शालिग्राम शिला से बनी श्याम वर्ण को प्रतिमा स्थित है । कल अक्षय तृतीया के विशेष पर्व पर भगवान का पंचामृत से विशेष अभिषेक हुआ जिसके पश्चात वैदिक विधि विधान से भगवान की अर्चना एवं पूजन किया । प्रातःकाल, दोपहर एवं सायंकाल को तीन बार भगवान की विशेष आरती एवं भोग प्रसाद अर्पित किया जायेगा । पुजारी ज्योति स्वरूप महर्षि ने बताया कि आज बुधवार को भगवान के कपाट खुलने के अवसर प मंदिर में फूल बंगला सजाया । साथ ही कल प्रातःकालीन पूजा के पश्चात तुलसी चरणामृत एवं चना दाल , दोपहर की पूजा के पश्चात केसर भात एवं सायंकाल की पूजा के दौरान भगवान को सत्तू का भोग लगाकर अर्पित किया जायेगा जिसके पश्चात मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित होगा । खास बात यह है कि यहां से सौ मीटर दूरी पर प्राचीन केदारनाथ महादेव का मंदिर भी स्थापित है । धार्मिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया तिथि पर बद्रीनारायण और केदारनाथ महादेव के दर्शन करने से अक्षय कोटि पुण्य फल की प्राप्ति होती है और मनुष्य के सभी पाप कर्म नष्ट हो जाते है ।

बद्री विशाल तीर्थ की तर्ज पर पुष्कर में स्थित बद्री नारायण भगवान के दोनों मंदिरों में विधि विधान से कपाट खुले।

बड़ी बस्ती में स्थित बद्री नारायण भगवान के मंदिर में भी कई कार्यक्रम हुए। मंदिर के पुजारी राजकुमार पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि कल यहां भी तीन बार भगवान की विशेष पूजा श्रृंगार आरती कर अलग अलग तरह का भोग प्रसाद अर्पित किया जायेगा ।

सफाई की मांग

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर सरोवर में बरसाती जल लाने के लिए बनाएं गए तीनों पक्के फीडर में गत वर्ष आए बिफरजॉय तूफान के कारण हुई भारी बरसात के बाद बरसाती पानी के साथ अथाह मिट्टी भी बहकर आने से तीनों फीडर में भारी मात्रा में मिट्टी जमा है जिसे नगर परिषद द्वारा राजीव गांधी शहरी रोजगार योजना के तहत लगभग 65 मजदूरों को रोजगार देकर केवल मिट्टी को इधर उधर करवाया जाकर पास में ही ढेर लगवा दिए जा रहे । मिट्टी के ढेरों को यदि मानसून पूर्व फीडर से सफाई करवा बाहर नहीं करवाया गया तो यह अथाह मिट्टी बरसाती पानी के साथ बहकर मुख्य सरोवर में आकर समा जाएगी।

इस सम्बन्ध में आज हमने मौके पर जाकर वस्तु स्थिति की व्यक्तिशः लेकर इसकी जानकारी श्री मान उप खंड अधिकारी जी से मिलकर उन्हें बताई गई कि समय रहते मानसून से पूर्व तीनों फीडर में जमा मिट्टी और गंदगी को बाहर निकलवाई जावे। इस पर उन्होंने फीडर से मिट्टी त्वरित निकलवाने के प्रयास किए जाने के पुख्ता आश्वासन दिया है। साथ ही मौके पर तेज गर्मी से परेशान कार्यरत मजदूरों के लिए पीने के पानी व तेज धूप के बचाव हेतु टेंट लगवा छाया किए जाने की व्यवस्था करने की मांग की गई ।

दुकानों का औचक निरीक्षण

ब्यावर (निसं) पीईईओ नेमीचंद यादव द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामखेड़ा धनार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय फतेह की पोल, शहीद अमर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालिंजर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास के 100 मीटर परिक्षेत्र में स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।यादव ने जानकारी देते हुए बताया की उस परिसर में किसी भी प्रकार की नशीली सामठी नहीं पायी गई।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ./भवन/25-26/41 दिनांक: 30.04.2025

आपत्ति सूचना

श्री सुनिल खानचन्दानी पुत्र स्व. विशनदास खानचन्दानी घनश्याम खानचन्दानी पुत्र स्व. ताराचन्द खानचन्दानी, अमोलक खानचन्दानी पुत्र स्व. हुन्दल दास खानचन्दानी श्रीमति निर्मला खानचन्दानी पत्नी स्व. हुन्दल दास खानचन्दानी एवं श्रीमति मीता खानचन्दानी पत्नी अमोलक खानचन्दानी निवासीगण ए-42 हरविलास शारदा मार्ग सिविल लाईन अजमेर अजमेर द्वारा एक सम्पतित ए.एम.सी. नं. 4/612 11/235 4/188 11/320 4/613 11/319 नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 145.70 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : प्राइवेट सम्पति — पश्चिम - अन्य की सम्पति
उत्तर : अन्य की सम्पति व चौक व गली — दक्षिण - नला बाजार रोड

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/ संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./कृषि भूमि नियमन /2025/142 दिनांक: 28/04/2025

आपत्ति विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमियों पर बसी कालोनियों में निम्न भूखण्डधारियों द्वारा आवासीय पटटा चाहने वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तिया/ कारण/ विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पटटा जारी कर दिया जावेगा।

क्र.सं.	प्रार्थी का नाम	खसरा संख्या राजस्व ग्राम	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल वर्गगज
1.	श्री प्रमोद दाधीच पुत्र किशनगोपाल दाधीच निवासी पृथ्वीराज नगर अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ	49 मदनगंज	42 इकरारनामा के अनुसार	200.00 वर्गगज

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय- नगर परिषद केकड़ी- राजस्थान

क्रमांक/नपके/कृ.भू.रू./2025-26/440 **लोक सूचना** दिनांक : 30.04.2025

श्री रामप्रसाद बलाई पुत्र श्री हजारी लाल बलाई निवासी केकड़ी तह. केकड़ी जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि(अकृषि) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
अजमेर-केकड़ी	राजस्व ग्राम केकड़ी	खसरा नं. 318,319,328,329	रकबा 2.9300 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरक